# PRINCE ACADEMY
OF HIGHER EDUCATION
[Co-edu. Sr. Sec. School, Affiliated to CBSE, Affiliation No. - 1730387]


Palwas Road, Near Jaipur - Bikaner Bypass Crossing, SIKAR - 332001 (Raj.) INDIA
Mob. : 9610-75-2222, 9610-76-2222
www.princeeduhub.com | E-mail : princeacademy31@gmail.com


## SAMPLE PAPER SET-03 (2024-25)

TIME : 3:00 Hours

## SUBJECT : HINDI
## CLASS - XII ARTS

M.M. : 80

**सामान्य निर्देश**

1. इस प्रश्न–पत्र में तीन खंड है – 'क', 'ख' और 'ग'।
2. खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं।
3. खंड– 'ख' में अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक के आधार पर प्रश्न पूछे गए है। प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए है।
4. खंड–'ग' में आरोह भाग–2 एवं वितान भाग–2 पाठ्यपुस्तकों के आधार पर प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

### खंड 'क' अपठित बोध

खंड 'क' में अपठित बोध के अंतर्गत अपठित गद्यांश व पद्यांश से संबंधित बहुविकल्पीय, अतिलघूत्तरात्मक तथा लघूत्तरात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से बहुविकल्पीय तथा अतिलघूत्तरात्मक के प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक तथा लघूत्तरात्मक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए। 10

भारत एक विशाल देश है, जिसमें भिन्न–भिन्न प्रकार की समस्याएँ व्याप्त हैं, जिनमें से एक है–जनसंख्या वृद्धि। जनसंख्या वृद्धि देश के विकास में बाधा का कार्य करती है, इसलिए हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता जनसंख्या वृद्धि को रोकना है। इस क्षेत्र में हमारे सभी प्रयत्न निष्फल रहे हैं। ऐसा क्यों है? यह इसलिए भी हो सकता है, क्योंकि समस्या को देखने का हर एक का अलग दृष्टिकोण हैं। जनसंख्याशास्त्रियों के लिए यह आँकड़ों का अंबार है। अफसरशाही के लिए यह टारगेट तय करने की कार्यविधि है। राजनीतिज्ञ इसे वोट बैंक की दृष्टि से देखता है। ये सब अपने–अपने ढंग से समस्या को सुलझाने में लगे हैं। अतः पृथक्–पृथक् किसी के हाथ सफलता नहीं लगी।

परंतु यह स्पष्ट है कि परिवार के आकार पर आर्थिक विकास और शिक्षा का बहुत प्रभाव पड़ता है। यहाँ आर्थिक विकास का तात्पर्य पाश्चात्य मतानुसार भौतिकवाद नहीं जहाँ बच्चों को बोझ माना जाता है। हमारे लिए तो यह सम्मानपूर्वक जीने के स्तर से संबंधित है। यह मौजूदा संपत्ति के समतामूलक विवरण पर ही निर्भर नहीं है वरन् ऐसी शैली अपनाने से संबंधित है, जिसमें अस्सी करोड़ लोगों की ऊर्जा का बेहतर उपयोग हो सके। इसी प्रकार स्त्री–शिक्षा भी है। यह समाज में एक नए प्रकार का चिंतन पैदा करेगी, जिससे सामाजिक औश्र आर्थिक विकास के नए आयाम खुलेंगे और साथ ही बच्चों के विकास का नया रास्ता भी खुलेगा।

अतः जनसंख्या की समस्या सामाजिक है। इसे सरकार अकेले नहीं सुलझा सकती। केंद्रीकरण से हटकर इसे ग्राम–ग्राम, व्यक्ति–व्यक्ति तक पहुँचाना होगा। जब तक यह जन–आंदोलन नहीं बन जाता, तब तक सफलता मिलना संदिग्ध है।

(क) हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता ............................ को रोकना है। 1

(i) जनसंख्या वृद्धि (ii) प्रदूषण की वृद्धि (iii) कृषि वृद्धि (iv) सैनिक वृद्धि

(ख) 'स्त्री–शिक्षा समाज में एक नए चिंतन को पैदा करेगी' इस कथन से लेखक सिद्ध करना चाहते है कि 1

(i) स्त्री–शिक्षा से लोगों की सोच में सुधार होगा

(ii) स्त्री–शिक्षा से लोगों की जीवन–शैली में परिवर्तन होगा

(iii) स्त्री–शिक्षा से सामाजिक व आर्थिक विकास के साथ–साथ बच्चों का भी विकास होगा

(iv) स्त्री–शिक्षा से समाजिक समस्या उत्पन्न हो जाएगी

(ग) कथन (A) आर्थिक विकास की तरह शिक्षा भी महत्वपूर्ण हैं।

कथन (R) शिक्षा परिवार के आकार को निश्चित करती हैं।

कूट

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) तथा कारण (R) दानों गलत है।

(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(घ) जनसंख्या की समस्या को किस प्रकार की समस्या माना गया है? 1

(ङ) सामाजिक और आर्थिक विकास के नए आयाम किसके माध्यम से खुलेगें? 2

(च) जनसंख्या वृद्धि की समस्या से सफलता मिलना संदिग्ध क्यों हैं? 2

(छ) जनसंख्या वृद्धि को रोकने के हमारे प्रयास निष्फल क्यों रहे हैं? 2

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए। 8

तुंग हिमालय के कंधो पर
छोटी–बड़ी कई झीलें हैं,
उनके श्यामल नील सलिल में
समतल देशों से आ–आकर
पावस की ऊमस से आकुल
तिक्त–मधुर विष–तंतु खोजते
हंसों को तिरते देखा है।
बादल को घिरते देखा है।
ऋतु वसंत का सुप्रभात था
मंद–मंद था अनिल बह रहा
बालारूण की मृदु किरणें थीं
अगल–बगल स्वर्णाभ शिखर थे
एक–दूसरे से विरहित हो
अगल–बगल रहकर ही जिनको
सारी रात बितानी होगी,
निशाकाल से चिर–अभिशापित
बेबस उस चकवा–चकवी का
बंद हुआ क्रंदन, फिर उनमें
उस महान सरवर के तीरे
शैवालों की हरी दरी पर
प्रणय–कलह छिड़तें देखा है।
बादल को घिरते देखा है।
दुर्गम बर्फ़ानी घाटी में
शत–सहस्र फुट ऊँचाई पर
अलख नाभि से उठने वाले
निज के ही उन्मादक परिमल–
के पीछे धावित हो–होकर
तरल तरूण कस्तूरी मृग को
अपने पर चिढ़ते देखा है।

(क) प्रस्तुत पद्यांश में मृग स्वयं पर ही क्यों चिढ़ता है? 1

(i) कस्तूरी की गंध को ढूँढ–ढूँढकर थक जाने के कारण

(ii) हिमालय पर्वत पर चढ़ न पाने के कारण

(iii) बादल को पकड़ न पाने के कारण

(iv) जीवन में निराशा व्याप्त होने के कारण

(ख) कवि को कौन–सा दृश्य अत्यंत आकर्षक लगता है? 1

(i) हिमालय की बर्फीली चोटियों पर घिरते बादल का दृश्य

(ii) कस्तूरी मृग के चिढ़ने का दृश्य

(iii) मेघदूत का पता न चलने का दृश्य

(iv) कविता करने के लिए उपयुक्त स्थान का दृश्य

(ग) सुमेलित कीजिए– 1

| सूची–I | | सूची–II | |
|---|---|---|---|
| A | विष–तंतु | 1 | विलाप करना |
| B | अनिल | 2 | उगता सूरज |
| C | बालारूण | 3 | हवा |
| D | क्रंदन | 4 | कमल के फूल के रेशे |

**कूट**

| | A B C D | | A B C D |
|---|---|---|---|
| (i) | 4 1 2 3 | (ii) | 2 3 1 4 |
| (iii) | 4 3 2 1 | (iv) | 3 2 4 1 |

(घ) चकवा–चकवी को क्या श्राप लगा है? 1

(ड़) मृग अपनी नाभि से उठने वाले परिमल की खोज में कहाँ व क्यों दौड़ता है? 2

(च) कवि ने हंसों को क्या खोजते हुए देखा है? 2

3. निम्नलिखित 3 विषयों में से किसी 1 विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए। 6×1=6

(क) बेटियों के लिए आवश्वक होती शिक्षा

(ख) वृक्ष मनुष्य के सच्चे हितैषी है

(ग) स्वच्छता : आज की अनिवार्य आवश्यकता है

4. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए। 2×4=8

(क) अप्रत्याशित लेखन का बुनियादी नियम सुसंबद्धता है, कैसे? स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) ''नाटक की कहानी भले ही भूतकाल या भविष्यकाल से संबधित हो, परंतु उसे वर्तमान में घटित होना पड़ता है।'' स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) कहानी लेखन हेतु संवादों की भूमिका पर प्रकाश डालिए। 2

(घ) नए और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन करते समय कौन–कौन सी बातें ध्यान में रखनी चाहिए? 2

(ड़) अंशकालिक पत्रकार किसे कहते हैं? समझाकर लिखिए। 2

5. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए। 4×2=8

(क) मुद्रित माध्यमों के लिए लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है? 4

(ख) नए एवं अप्रत्याशित विषयों के लेखन से आप क्या समझते हैं? यह एक चुनौती कैसे है? 4

(ग) एक पत्रकार के लेखन की भाषा–शैली कैसी होनी चाहिए? स्पष्ट कीजिए। 4

## खंड 'ग' पाठ्यपुस्तक आरोह भाग–4 एवं वितान भाग–2

खंड 'ग' में पाठ्यपुस्तक आरोह भाग–2 से गद्य व पद्य खंड से बहुविकल्पीय प्रश्न, अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न व लघूत्तरात्मक प्रश्न तथा वितान भाग–2 से लघूत्तरात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

6. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए। 1×5=5

सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना
मैं पेंच को खोलने के बजाय
उसे बेतरह कसता चला जा रहा था
क्योंकि इस करतब पर मुझे
उसी जगह ठोंक दिया।
ऊपर से ठीक–ठाक
पर अंदर से
न तो उसमें कसाव था

साफ सुनाई दे रही थी
तमाशबीनों की शाबाशी और वाह वाह।
आखिरकार वही हुआ जिसका मुझे डर था
जोर जबरदस्ती से
बात की चूड़ी मर गई
और वह भाषा में बेकार घूमने लगी!
हार कर मैंने उसे कील की तरह

न ताकत!
बात ने, जो एक शरारती बच्चे की तरह
मुझसे खेल रही थी,
मुझे पसीना पोंछते देख कर पूछा–
''क्या तुमने भाषा को
सहूलियत से बरतना कभी नहीं सीखा?''

(क) 'बात के पेंच' से अभिप्राय है 1

(i) गुण (ii) भाव (iii) अर्थ (iv) विशेषण

(ख) बात क्या बनकर रह गई? 1

(i) शब्दों की गठरी (ii) व्यंग्य (iii) सुंदर (iv) प्रभावहीन

(ग) भ्रम क्या है? 1

(i) भाषा की दुरूहता से चमत्कार उत्पन्न होना (ii) बात को बढ़ा–चढ़ाकर कहना

(iii) बात का प्रभावहीन होना (iv) बात में कसाव होना

(घ) कथन (A) बात की चूड़ी मर गई। 1

कारण (R) बात निरर्थक और उद्देश्यहीन हो गई।

(i) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(ii) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ड़) सुमेलित कीजिए 1

| सूची–I | | सूची–II | |
|---|---|---|---|
| A | बात की चूड़ी मर जाना | 1 | बात को सहज और स्पष्ट करना |
| B | बात की पेंच खोलना | 2 | बात में कसावत का न होना |
| C | पेंच को कील की तरह ठोक देना | 3 | कथ्य और भाषा का सही सामंजस्य बनना |
| D | बात का बन जाना | 4 | बात का प्रभावहीन हो जाना |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (i) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ii) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (iii) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (iv) | 2 | 3 | 4 | 1 |

7. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए 3 प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर लिखिए। 3×2=6

(क) ''कैमरे में बंद अपाहिज' करूणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है'' अपने विचार लिखिए। 3

(ख) कवि ने कविता की उड़ान और खिलने को चिड़िया और फूलों से किस तरह भिन्न बताया है? 3

(ग) तुलसीदास के सवैये के आधार पर प्रतिपादित कीजिए कि उन्हे भी जातीय भेदभाव का दबाव झेलना पड़ा था। 3

8. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए 3 प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर लिखिए। 2×2=4

(क) 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' कविता के आधार पर बताइए कि ममता की शक्ति किस प्रकार उजागर हुई है? 2

(ख) 'छोटा मेरा खेत' कविता में कवि ने कवि–कर्म और कृषक–कार्य को समान बताया है। कैसे? 2

(ग) फिराक की रूबाइयों में घरेलू वातावरण के मोहक चित्र है। इस कथन की सोदाहरण पुष्टि कीजिए। 2

9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए। 1×5=5

शांत दर्शको की भीड़ में खलबली मच गई– 'पागल है पागल, मरा –ऐ! पर वाह रे बहादुर! लुट्टन बड़ी सफ़ाई से आक्रमण को सँभालकर निकलकर उठ खड़ा हुआ और पैंतरा दिखाने लगा । राजा साहब ने कुश्ती बंद करवाकर लुट्टन को अपने पास बुलवाया और समझाया । अंत में, उसकी हिम्मत की प्रशंसा करते हुए, दस रूपये का नोट देकर कहने लगे– ''जाओ, मेला देखकर घर जाओ.......''

(क) शांत भीड़ में खलबली क्यों मच गई? 1

(i) चाँद सिंह द्वारा लुट्टन सिंह को झपटकर दबोच लेने के कारण

(ii) राजा द्वारा कुश्ती न करने का आदेश देने के कारण

(iii) भीड़ में उपद्रवियों के घुस आने के कारण

(iv) उपर्युक्त सभी

(ख) आक्रमण को सँभालकर कौन उठ खड़ा हुआ? 1

(i) लुट्टन सिंह पहलवान (ii) चाँद सिंह पहलवान

(iii) राजा साहब (iv) मैनेजर साहब

(ग) राजा साहब ने लुट्टन सिंह की प्रशंसा क्यों की? 1

(i) क्योंकि उसने चाँद सिंह को कुश्ती की चुनौती दी थी

(ii) क्योंकि उसने गाँव के लोगों की सहायता की थी

(iii) क्योंकि उसने अपने परिवार को सँभाला था

(iv) क्योंकि उसने कुश्ती के लिए संघर्ष किया था

(घ) सुमेलित कीजिए– 1

| सूची–I | | सूची–II | |
|---|---|---|---|
| A | लुट्टन | 1 | गाँव का पहलवान |
| B | पैंतरा दिखना | 2 | चाँद सिंह |
| C | शेर का बच्चा | 3 | मुद्रा दिखाना |

**कूट**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | 3 | 1 | 2 | (ii) | 1 | 3 | 2 |
| (iii) | 1 | 2 | 3 | (iv) | 2 | 1 | 3 |

(ङ) राजा द्वारा लुट्टन सिंह को दस रूपये का नोट देकर मेला देखकर घर जाने को कहने के पीछे क्या कारण था? 1

(i) कुश्ती लड़ने के लिए तैयार करना (ii) कुश्ती लड़ने से मना करना

(iii) कुश्ती की प्रतियोगिता हार जाना (iv) कुश्ती की प्रतियोगिता जीत जाना

10. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए 3 प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर लिखिए। 3×2=6

(क) पुत्र की चाह में परिवार के लोग ही कन्या को जन्म देने वाली माँ के दुश्मन हो जाते है। इस प्रवृत्ति पर 'भक्तिन' पाठ के आधार पर टिप्पणी कीजिए। 3

(ख) 'शिरीष के फूल' में लेखक ने संसार में मानवीय मूल्यों को बनाए रखने के लिए गाँधीजी के समान अवधूतों की आवश्यकता पर बल दिया है। क्यों? 3

(ग) 'शीतल वाणी में आग' के होने का क्या अभिप्राय है? 3

11. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए 3 प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर लिखिए। 2×2=4

(क) चूरन बेचने वाले भगत जी को लेखक अपने जैसे विद्वानों से भी श्रेष्ठ विद्वान क्यों मानता है? 2

(ख) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक ने लोक प्रचलित विश्वासों को अंधविश्वास कहकर उनके निराकरण पर बल दिया है। इस कथन की विवेचना कीजिए। 2

(ग) 'श्रम विभाजन और जाति–प्रथा' पाठ में डॉ. आंबेडकर अपनी कल्पना में समाज का कैसा रूप देखते है? 2

**पूरक पाठ्यपुस्तक वितान भाग–2**

12. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए 3 प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के लगभग 100 शब्दों में उत्तर लिखिए। 5×2=10

(क) यशोधर जी धार्मिक गतिविधियों में भी रूचि रखते हैं। 'सिल्वर वैडिंग' पाठ के आधार पर लिखिए । 5

(ख) ''नगर की जल निकासी बेजोड़ तथा अद्भुत थी।'' 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर मुअनजो–दड़ो की जल निकासी व्यवस्था की उत्कृष्टता पर टिप्पणी कीजिए। 5

(ग) 'जूझ' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। 5